NEWS CLIPPING: 29.04.2018

DAINIK JAGRAN

वाईएमसीए के विद्यार्थियों ने किया निरीक्षण

जासं, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के एमएससी रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर दिलाने के उद्देश्य से अनुकूलित प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक दौरे आयोजित किये जा रहे है, ताकि विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा औद्योगिक अनुभव हासिल हो सके। इसी कड़ी में एससी रसायन विज्ञान के 28 विद्यार्थियों के एक दल ने रबड़, स्टील कंपोनेंट व हाइड्रो माउंट निर्माता कंपनी स्थानीय बोनी पोलीमर कंपनी के

रबड़ व स्टील कंपोनेंट कारखाने में उत्पादन की जानकारी लेते हुए विद्यार्थी

प्लांट का दौरा किया। यह दौरा एमएससी रसायन विज्ञान की पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. बिंदू मंगला की देखरेख में आयोजित किया गया। औद्योगिक दौरे के दौरान बोनी पोलीमर कंपनी के प्रबंध निदेशक राज भाटिया जोकि विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी रहे है, ने विद्यार्थियों को उत्पाद निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रक्रिया से अवगत करवाया। यह दौरान विद्यार्थियों के लिए उद्योग में प्रयोग होने वाली अत्याधुनिक तकनीकों को समझने में महत्वपूर्ण रहा। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. मंगला ने बताया कि विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों की प्लेसमेंट को लेकर उद्योगों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिए एक अच्छी पहल है। इससे पूर्व विद्यार्थी एनसीबी फरीदाबाद का दौरा भी कर चुके है।

HINDUSTAN

रसायन विज्ञान के छात्रों के लिए प्लेसमेंट कार्यक्रम

फरीदाबाद। वाईएमसीए के एमएससी रसायन विज्ञान के छात्रों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण में अवसर और प्लेसमेंट कार्यक्रम शुरू किया गया है। छात्रों ने शनिवार को उद्योगों का निरीक्षण किया । इस दौरान विश्वविद्यालय के करीब 28 विद्यार्थियों का एक ग्रुप रबड़, स्टील कंपोनेंट और हाइड्रो माउंट विनिर्माता कंपनी और बोनी पोलीमर कंपनी के प्लांट का दौरा किया।

NEWS CLIPPING: 29.04.2018

NAVBHARAT TIMES

स्टूडेंट्स ने उद्योगों के बारे में जाना

वस, फरीदाबाद : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एमएससी रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर दिलाने के लिए विश्वविद्यालय ने एक अनुकूलित प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक दौरे आयोजित किए जा रहे है ताकि विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा औद्योगिक अनुभव हासिल हो सके। इसी कड़ी में एमएससी रसायन विज्ञान के 28 विद्यार्थियों के एक दल ने रबड़, स्टील कंपोनेंट व हाइड्रो माउंट विनिर्माता कंपनी स्थानीय बोनी पोलीमर कंपनी के प्लांट का दौरा किया। यह दौरा एमएससी रसायन विज्ञान की पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. बिदू मंगला की देखरेख में आयोजित किया गया।

NEWS CLIPPING: 29.04.2018

PUNJAB KESARI

वाईएमसीए विवि के छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक दौरा

फरीदाबाद, 28 अप्रैल (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के एमएससी रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर दिलाने के लिए विश्वविद्यालय ने एक अनुकूलित प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक दौरे आयोजित किये जा रहे है ताकि विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा औद्योगिक अनुभव हासिल हो सके। इसी कड़ी में एससी रसायन विज्ञान के 28 विद्यार्थियों के एक दल ने रबड, स्टील कम्पोनेंट व हाइड्रो माउंट विनिर्माता कंपनी स्थानीय बोनी पोलीमर कंपनी के प्लांट का दौरा किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर Sun, 29 epaper.

NEWS CLIPPING: 29.04.2018

DAINIK BHASKAR

वाईएमसीए के रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक दौरा

फरीदाबाद | वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के एमएससी रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों को औद्योगिक प्रशिक्षण के अवसर दिलाने के लिए अनुकूलित प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट कार्यक्रम शुरू किया है। इसी कड़ी में 28 स्टूडेंट्स के एक दल ने बोनी पोलीमर कंपनी का दौरा किया। यह दौरा एमएससी रसायन विज्ञान की पाठ्यक्रम संयोजक डॉ. बिंदु मंगला के नेतृत्व में आयोजित किया गया। बोनी पोलीमर कंपनी के प्रबंध निदेशक राज भाटिया ने विद्यार्थियों को उत्पाद निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण औद्योगिक प्रक्रिया से अवगत कराया। यह दौरा विद्यार्थियों के लिए उद्योग में प्रयोग होने वाली अत्याधुनिक तकनीकों को समझने में महत्वपूर्ण रहा। डॉ. बिंदु मंगला के मुताबिक यूनिवर्सिटी के रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों की प्लेसमेंट को लेकर उद्योगों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है जो कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिए एक अच्छी पहल है।